samachar.indore@gmail.com, indoresmchr@rediffmail.com, info@indoresamachar.net, Web: www.indoresamachar.net

RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2021-2023

इन्दौर समाचार

वर्ष 81 अंक-41 | इन्दौर, सोमवार 2 मई 2022 | पृष्ठ-

..... साइबर सुरक्षा अभियान के तहत इंदौर पुलिस एवं क्रिक हील फाउंडेशन की टीम का प्रयास

सर्कस में दिखाएं साइबर अपराधों से बचने के करतब

इंदौर(मनीष शर्मा)। वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एवं अपराधों से सुरक्षा एवं इनसे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूकता लाने हेतु साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदौर पुलिस की निरीक्षक श्रीमती राधा जामोद, उप निरीक्षक शिवम ठक्कर, सउनि गयेंद्र यादव तथा क्विक हील फाउंडेशन, की ओर से मुंबई से आई ड्रामा टीम कल सुबह शहर के प्रमुख पार्क मेघदूत गार्डन पहुंची, जहां पर अपनी सेहत के प्रति जागरूक लोग जो एरोबिक्स और झुंबा क्लब में आते हैं, टीम ने उन्हें अपनी सेहत के साथ अपनी साइबर सुरक्षा के संबंध में भी नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जरूरी जानकारी दी। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए यह टीम शाम को शहर के लालबाग में आयोजित उत्सव मेले के सर्कस में पहुंची। पुलिस की इस टीम को सर्कस में देख लोगों में और उत्सुकता जागी। टीम ने लोगों को बड़े ही मनोरंजक तरीके से नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव हेतु किन बातों का ध्यान रखना है और क्या- क्या सावधानियां रखनी चाहिए, यह जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया गया। साइबर सुरक्षा के इस अभियान को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आमजन द्वारा इसमें भाग लेकर पुलिस और क्विक हील फाउंडेशन द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है उसकी सराहना की जा रही है।